अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि IAS / PCS ACADEMY

at a glance...

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

20 Jan., 2024

USEFUL FOR

## IAS | PCS

& other civil services exams



**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **सरयू नदी में भारत की पहली सौर ऊर्जा संचालित नाव संचालित की जाएगी**



- भारत में पहली बार उत्तर प्रदेश के अयोध्या में सरयू नदी में सौर ऊर्जा से चलने वाली नाव चलाई जाएगी.
- इस नाव सेवा के संचालन की रूपरेखा उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी (यूपीनेडा) द्वारा तैयार की गई है।
- इसे उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा अभिकरण द्वारा तैयार किया गया है।

2. **हैदराबाद में एशिया का सबसे बड़ा विमानन एक्सपो, विंग्स इंडिया 2024 आयोजित किया**




- केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ने हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे पर एशिया के सबसे बड़े विमानन एक्सपो, विंग्स इंडिया 2024 का उद्घाटन किया। इस आयोजन में 106 देशों के 1,500 प्रतिनिधि और 5,000 व्यावसायिक आगंतुक भाग ले रहे हैं जो एयरोस्पेस इंजीनियरों, एयरलाइंस और हवाईअड्डा एजेंसियों से जुड़े हैं।

3. **जगदीप धनखड़ ने शांति के लिए एशियाई बौद्ध सम्मेलन की 12वीं महासभा का उद्घाटन किया**



- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नई दिल्ली में शांति के लिए एशियाई बौद्ध सम्मेलन की 12वीं महासभा का उद्घाटन किया।
- उपराष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया आज जलवायु परिवर्तन, संघर्ष, आतंकवाद और गरीबी जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है जो सार्वभौमिक हैं और इन्हें आम संकल्प और सहयोगात्मक और सामूहिक दृष्टिकोण से संबोधित किया जा सकता है।
- उन्होंने कहा, जब हम एशिया में बौद्ध धर्म की बात करते हैं, तो यह क्षेत्र और आबादी का एक बड़ा हिस्सा है जो विविध रीति-रिवाजों और परंपराओं, कला, वास्तुकला, संगीत, साहित्य, जीवन शैली, दर्शन, भोजन, राजनीति और धर्म को समाहित करने वाला बहुसांस्कृतिक है।

4. **पीएम नरेंद्र मोदी ने 8 अमृत परियोजनाओं की शुरुआत महाराष्ट्र में की**



- प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के सोलापुर में लगभग 2,000 करोड़ रु की 8 AMRUT (कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन) परियोजनाओं की आधारशिला रखी.
- उन्होंने कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र में पीएम-स्वनिधि के 10,000 लाभार्थियों को पहली और दूसरी किस्त के वितरण की भी शुरुआत की.

5. **केंद्र ने 16वें वित्त आयोग के लिए पदों के सृजन की मंजूरी दी**



- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 16वें वित्त आयोग के लिए संयुक्त सचिव स्तर के तीन पदों के सृजन को मंजूरी दे दी है.
- इस वित्त आयोग का गठन 31 दिसंबर, 2023 की अधिसूचना के माध्यम से किया गया था.
- भारत में वित्त आयोग भारतीय संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत स्थापित एक संवैधानिक निकाय है.
- नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष है.

**6. फोर्ब्स की हाल की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में 'कुवैती दीनार' सबसे ताकतवर करेंसी**



- फोर्ब्स की हाल की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में 'कुवैती दीनार' सबसे ताकतवर करेंसी है.
- बहरीन की करेंसी 'बहरीनी दीनार' दूसरे और ओमान की करेंसी 'ओमानी रियाल' तीसरे स्थान पर है.
- वहीं दुनिया की दूसरी सबसे अधिक कारोबार वाली मुद्रा 'यूरो' लिस्ट में 9वें स्थान और यूएस डॉलर 10वें स्थान पर है.
- इस रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र वर्तमान में 180 मुद्राओं को लीगल टेंडर के रूप में मान्यता देता है.

**7. शांतनु झा ने पूर्वी नौसेना कमान में मुख्य स्टाफ अधिकारी के रूप में पदभार संभाला**



- रियर एडमिरल शांतनु झा ने पूर्वी नौसेना कमान के मुख्यालय में मुख्य कर्मचारी अधिकारी (संचालन) के रूप में कार्यभार संभाला।
- मुख्य स्टाफ अधिकारी के रूप में कार्यभार संभालने से पहले रियर एडमिरल के पास नौसेना मुख्यालय में (रणनीति, अवधारणा और परिवर्तन) में कमोडोर की प्रमुख नियुक्ति थी।
- रियर एडमिरल राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से स्नातक और नेविगेशन एवं दिशा विशेषज्ञ हैं। एडमिरल के पास मद्रास विश्वविद्यालय से रक्षा अध्ययन और किंग्स कॉलेज, लंदन से अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीति में मास्टर डिग्री है।
- अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में उनके विविध अनुभव में तेहरान में नौसेना अताशे के रूप में उनकी भूमिका भी शामिल है।

**8. जगदीप धनखड़ ने 'फर्टिलाइजिंग द फ्यूचर' नामक पुस्तक का विमोचन किया**



- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 'फर्टिलाइजिंग द फ्यूचर: भारत्स मार्च टुवर्ड्स फर्टिलाइजर सेल्फ सफिशिएंसी' पुस्तक का विमोचन किया है।
- इसे रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने लिखा है।
- पुस्तक के हिंदी संस्करण का शीर्षक 'उर्वरक-आत्मनिर्भरता की राह' है।
- पुस्तक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को उर्वरक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की यात्रा और अब तक हुए क्रांतिकारी बदलावों का वर्णन किया गया है।

**9. आंध्र प्रदेश में डॉ.बीआर अंबेडकर की 125 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा का उद्घाटन किया**



- आंध्र प्रदेश में मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी विजयवाड़ा के स्वराज मैदान में डॉ.बीआर अंबेडकर की 125 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा का उद्घाटन किया.
- इस प्रतिमा को "सामाजिक न्याय की प्रतिमा" का नाम दिया गया है और यह डॉ. बीआर अंबेडकर के योगदान को याद करने के लिए लगायी गयी है.
- **आंध्र प्रदेश के बारे में-**
- राजधानी: अमरावती
- राज्यपाल: एस. अब्दुल नज़ीर
- मुख्यमंत्री: वाईएस जगन मोहन रेड्डी
- स्थापित: 1 नवंबर 1956
- जिले: 26

**10. आईआईटी मद्रास ने ईमोबिलिटी सिमुलेशन लैब लॉन्च करने के लिए अल्टेयर के साथ करार किया**

- 


- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी) मद्रास ने ईमोबिलिटी सिमुलेशन लैब लॉन्च करने के लिए अल्टेयर (Altair) के साथ हाथ मिलाया है.
- आईआईटी मद्रास का इंजीनियरिंग डिजाइन विभाग अल्टेयर के वित्तीय सहयोग से इसका विकास करेगी.
- अल्टेयर सिमुलेशन, हाई परफॉरमेंस कंप्यूटिंग (एचपीसी), और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) से जुड़ी कंपनी है.

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. भारत की पहली सौर ऊर्जा संचालित नाव किस नदी में संचालित की जाएगी?**
(a) यमुना नदी
(b) गंगा नदी
(c) घाघरा नदी
(d) सरयू नदी

**2. एशिया का सबसे बड़ा विमानन एक्सपो, विंग्स इंडिया 2024 कहाँ आयोजित किया जा रहा है?**
(a) लखनऊ
(b) जयपुर
(c) चेन्नई
(d) हैदराबाद

**3. नई दिल्ली में शांति के लिए एशियाई बौद्ध सम्मेलन की 12वीं महासभा का उद्घाटन किसने किया है?**
(a) नरेंद्र मोदी
(b) अमित शाह
(c) राजनाथ सिंह
(d) जगदीप धनखड़

**4. पीएम नरेंद्र मोदी ने 8 अमृत परियोजनाओं की शुरुआत महाराष्ट्र के किस शहर में की?**
(a) पुणे
(b) औरंगाबाद
(c) नासिक
(d) सोलापुर

**5. केंद्र ने 16वें वित्त आयोग के लिए पदों के सृजन की मंजूरी दी, 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन है?**
(a) डॉ. अरविंद पनगढ़िया
(b) रघुराम राजन
(c) उर्जित पटेल
(d) शक्तिकांत दास

**6. फोर्ब्स की हाल की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया की सबसे मजबूत करेंसी कौन-सी है?**
(a) 'बहरीनी दीनार'
(b) 'कुवैती दीनार'
(c) यूरो
(d) यूएस डॉलर

**7. पूर्वी नौसेना कमान के मुख्यालय में मुख्य कर्मचारी अधिकारी (संचालन) के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**
(a) स्मिता सारंगी
(b) शांतनु झा
(c) इंद्र मणि पांडे
(d) तनु सिंह

**8. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 'फर्टिलाइजिंग द फ्यूचर: भारत्स मार्च टुवर्ड्स फर्टिलाइजर सेल्फ सफिशिएंसी' पुस्तक का विमोचन किया है। इस पुस्तक के लेखक कौन हैं?**
(a) अनुराग ठाकुर
(b) डॉ. मनसुख मंडाविया
(c) जितेंद्र सिंह
(d) सुरेश प्रभु

**9. डॉ.बीआर अंबेडकर की 125 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा का उद्घाटन किस राज्य में किया गया?**
(a) बिहार
(b) राजस्थान
(c) आंध्र प्रदेश
(d) उत्तर प्रदेश

**10. आईआईटी मद्रास ने ईमोबिलिटी सिमुलेशन लैब लॉन्च करने के लिए किसके साथ करार किया है?**
(a) अल्टेयर
(b) अमेजन
(c) टेक महेंद्रा
(d) टीसीएस

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (d) | (d) | (d) | (d) | (a) | (b) | (b) | (b) | (c) | (a) |